कोटद्वार, मंगलवार
8 अप्रैल 2025
वर्ष: 46
अंक: 319 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### हरिद्वार में शादी का झांसा देकर ऋषिकेश की दिव्यांग युवती से दुष्कर्म, केस दर्ज

हरिद्वार। नगर कोतवाली क्षेत्र के होटल में दिव्यांग युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। युवती के गर्भवती होने के बाद युवक ने युवती को अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने ऋषिकेश निवासी युवती की शिकायत पर टिहरी गढ़वाल निवासी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। ऋषिकेश निवासी दिव्यांग युवती पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते साल अगस्त में हरिद्वार में उसकी पहचान रोहित डबराल निवासी चंबा, टिहरी गढ़वाल के साथ हुई थी। दोनों की जान–पहचान बढ़ी तो वह एक दूसरे के नजदीक आ गए। युवती का आरोप है कि रोहित ने उसके सामने शादी करने का प्रस्ताव रखा। युवती ने दोनों को अलग–अलग समुदाय का होना बताया। आरोप है कि युवक ने भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही शादी कर लेंगे।

### चीड़ के जंगल में लगी आग को बुझाया

चमोली :जिला मुख्यालय गोपेश्वर के निकट रौली क्षेत्र के वन क्षेत्र में रविवार रात को भंयकर आग लग गई। आग तेजी से आवासीय क्षेत्रों की ओर बढ़ रही थी। वनाग्नि की सूचना पर मिलते ही फायर विभाग की टीम आग बुझाने के लिए घटना स्थल पर पहुंची और उपकरणों और पानी से वनाग्नि पर नियंत्रण पाया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया रविवार की देर शाम फायर स्टेशन को सूचना मिली की आरसीएम के समीप स्थित जंगल में आग लगी हुई है जो तेजी से आवासीय भवनों की ओर बढ़ रही है। सूचना पर फायर सर्विस के कर्मी द्वारा तत्परता के साथ कार्यवाही करते हुए तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। फायर सर्विस के कर्मियों ने हाई प्रेशर से पंपिंग कर आग पर काबू पाने का कार्य आरम्भ किया। कड़ी मशक्कत के बाद आवासीय परिसर की ओर तेजी से बढ़ रही आग पर पूर्ण रुप से काबू पाया गया। जिससे आग से वनों को होने वाले नुकसान को समय रहते बचा लिया गया। चमोली जिले में वनाग्नि की अधिकांश घटनाएं चीड़ के जंगलों में ही सामने आ रहीं हैं। इस वर्ष मे पिछले तीन महीनों और ताजा वनाग्नि की घटना बताती हैं कि चीड़ के जंगलों में ही आग लगी। (एजेंसी)

### लाउंज संचालक ने कर्मचारी पर किया हमला, असलहा ताना

देहरादून। लाउंज संचालक के खिलाफ एक कर्मचारी ने मारपीट करने, लाइसेंसी पिस्टल दिखाकर डराने के आरोप में केस दर्ज कराया है। आरोप है कि संचालक ने कर्मचारी का वेतन भी नहीं दिया, उसे भगा दिया। मामले में राजपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजपुर थानाध्यक्ष सैंकी कुमार ने बताया कि जसवीर पंवार निवासी दुवारगढ़, थत्यूड़ जिला टिहरी ने तहरीर दी। बताया कि वह पिछले चार महीने से वह राजपुर स्थित मैकूबा लाउंज (बार एंड रेस्टोरेंट) में नौकरी कर रहा है। रविवार को राजपुर थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि लाउंज संचालक ललित मोहन पाण्डेय ने उस पर हमला किया। मारपीट करते हुए गंदी गालियां दी। लाइसेंसी असलहे से जसवीर के सिर, नाक पर हमला किया। पीड़ित ने कहा कि उसने अपने जेब से लाउंज का सामान लाने में खर्च किया। पीड़ित का वेतन भी आरोपी ने नहीं दिया और काम से निकाल दिया। थानाध्यक्ष सैंकी कुमार ने बताया कि आरोपी लाउंज संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### लापता बच्चे का शव कोसी से मिला

काशीपुर। शनिवार से लापता 10 वर्षीय बालक का शव सोमवार सुबह 6 बजे कोसी नदी के बाजार घाट में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार बच्चे के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है। सुल्तानपुर पट्टी के मोहल्ला टांडा बंजारा निवासी सचिन का 10 वर्षीय बेटा सूरज शनिवार दोपहर को लापता हो गया था। सचिन ने चौकी पुलिस को शिकायत दी और बच्चे की तलाश की। सोमवार सुबह सुल्तानपुर पट्टी चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा को सूचना मिली कि कोसी नदी के बाजार घाट पर एक बच्चे का शव पानी में तैर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से बच्चे को निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## दर्दनाक सड़क हादसा

# शिमला बाईपास पर बस पलटने से 1 छात्र समेत 2 की दर्दनाक मौत




विकासनगर। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। शिमला बाईपास पर एक बस पलट गई। सड़क हादसे में एक स्कूल छात्र समेत दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। रोड एक्सीडेंट के वक्त बस डाकपत्थर से देहरादून की ओर जा रही थी। हादसे के वक्त बस में करीब 40 यात्री सहित इंटर कॉलेज के छात्र सवार थे। बस पलटने की वजह से एक छात्र की मौत हुई है, जबकि करीब एक दर्जन छात्र घायल हुए है। रोड एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही पुलिसबल मौके पर पहुंच कर राहत व बचाव कार्य में जुट गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना सहसपुर के अतर्गत सिघंनीवाल क्षेत्र में एक बस सड़क में पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की सहायता से बस में फंसे घायलों को बाहर निकालकर तत्काल इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ डॉक्टर द्वारा बस सवार 01 व्यक्ति तथा एक छात्र को मृत घोषित किया गया। उक्त दुर्घटना मे 14 लोग घायल हुए है, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। दुर्घटनाग्रस्त बस विकासनगर से देहरादून की ओर आ रही थी, जो सिहनीवाला के पास सामने से आ रहे एक लोडर वाहन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।


### कैमिकल फैक्ट्री में आग लगने से फैक्ट्री स्वामी सहित दो की मौत

हरिद्वार। इब्राहिमपुर में गणपति केमिकल फैक्ट्री में रविवार देररात लगी आग पर दमकल कर्मियों ने नौ घंटे बाद काबू पाया। आग से फैले धुएं का गुबार आसमान में दूर तक दिखाई दिया। सोमवार सुबह पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर फैक्ट्री के मलबे को जेसीबी से हटाया। मलबे से फैक्ट्री मालिक समेत दो लोगों के जले शव बाहर निकाले गए। पुलिस दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार ग्राम इब्राहिमपुर की एक कैमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। इस दौरान कुछ कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। सूचना पर सिडकुल और हरिद्वार से दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर लगाया गया लेकिन फैक्ट्री जलकर राख हो गई। इस दौरान फैक्ट्री में मौजूद कंपनी मालिक सत्तर वर्षीय हरिश्चंद्र अग्रवाल निवासी हरिलोक कालोनी ज्वालापुर और 21 वर्षीय कर्मचारी संजय पुत्र डालचंद निवासी रामपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी इब्राहिमपुर की जलकर मौत हो गई। इसके अलावा कर्मचारी 35 वर्षीय जोगिंदर पुत्र जाती राम निवासी रायसी, लक्सर आग से झुलसकर गंभीर घायल हुआ है। उसका जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

## गृह मंत्री अमित शाह का जम्मू कश्मीर दौरा

# पाकिस्तान ने पुंछ में तोड़ा संघर्ष विराम, सेना का मुंहतोड़ जवाब

जम्मू ,पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम तोड़ा। भारतीय सेना ने इसका जोरदार जवाब दिया। संघर्ष विराम का उल्लंघन ऐसे समय में हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू–कश्मीर के तीन दिन के दौरे पर हैं। अधिकारियों ने बताया, पाकिस्तानी सेना ने आज पुंछ जिले के दिगवार सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम तोड़ा। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी के दौरान कोई घुसपैठ न हो, इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया है। इससे पहले 1 अप्रैल को पाकिस्तानी सेना ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक बारूदी सुरंग के धमाके के बाद बिना किसी कारण के गोलीबारी की और संघर्ष विराम तोड़ा। सेना ने एक बयान में कहा कि भारतीय सैनिकों ने ह्यसंतुलित और नियंत्रण तरीके सेह्न प्रभावी जवाब दिया। ऐसी खबरें मिली



हैं कि आतंकवादी, [जिनमें मुख्य रूप से विदेशी भाड़े के आतंकवादी शामिल हैं], पुंछ, राजौरी, कठुआ और किश्तवाड़ जिले के पहाड़ी इलाकों में सक्रिय हैं। 23 मार्च को कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब भारतीय हिस्से में घुसपैठ करने वाले पांच आतंकवादियों का सामना स्थानीय पुलिस की टीम से हुआ। यह मुठभेड़ अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 4 किलोमीटर अंदर सान्याल गांव में हुई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए। संयुक्त बलों ने बाकी तीन आतंकवादियों को ढूंढने के लिए कठुआ और राजौरी जिलों के ऊंचे इलाकों में अपना खोजो और खत्म करोह्न अभियान बढ़ा दिया। कठुआ जिले के बिलावर इलाके में शुक्रवार को आतंकवादियों और संयुक्त बलों के बीच मुठभेड़ हुई। जानकारी के मुताबिक कठुआ जिले के ऊंचे इलाकों का इस्तेमाल आतंकवादी राजौरी और पुंछ जिलों में घुसपैठ करने के लिए कर रहे हैं। आतंकवादियों के हिट–एंड–रन हमलों को नाकाम करने के लिए सेना के लगभग 4,000 विशेष प्रशिक्षित पैरा कमांडो को इन जिलों के घने जंगलों में तैनात किया गया। संयुक्त बलों की गतिविधियों के बाद आतंकवादी पुंछ, राजौरी और कठुआ जिलों में ह्यहिट–एंड–रन हमले नहीं कर पा रहे हैं, जैसा कि 2024 की आखिरी तिमाही में हुआ था। इस बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार शाम जम्मू पहुंचे। जम्मू में भाजपा विधायकों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति जल्दी सामान्य हो जाएगी।

## सरकार का बड़ा फैसला

# सिंगल यूज प्लास्टिक पानी की बोतलों पर लगाया बैन

शिमला ,पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हिमाचल सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक पानी की बोतलें नहीं मिलेगी। 1 जून, 2025 से प्रदेश में 500 मिलीलीटर से कम की सिंगल यूज प्लास्टिक पानी की बोतलों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा। पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। उपयोगकर्ताओं को कांच की बोतल या अन्य विकल्प अपनाने की सलाह दी है। पहली जून की समयसीमा इसलिए तय की गई है, ताकि बाजार में पहले से मौजूद स्टॉक को खत्म किया जा सके और व्यवसायियों को नुकसान न हो। सभी सरकारी संगठन मुख्य रूप से पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग, पर्यटन विभाग, शिक्षा विभाग, शहरी विकास विभाग और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सार्वजनिक स्थान में प्लास्टिक की छोटी पानी की बोतलों के



उपयोग को रोकने के लिए जागरूकता गतिविधियां चलाएंगे। पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग तथा हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लास्टिक की पानी बोतलों की रिसाइकिल को और बेहतर बनाने के लिए प्रभावी उपाय करेंगे। सार्वजनिक स्थलों पर इस प्रकार की बोतलों के उपयोग पर निगरानी और नियंत्रण के उपाय भी किए जाएंगे।

### जम्मू–कश्मीर विधानसभा में वक्फ पर स्थगन प्रस्ताव खारिज, पीडीपी बोली– दुर्भाग्यपूर्ण है स्पीकर का फैसला

जम्मू ,जम्मू–कश्मीर विधानसभा में वक्फ कानून का स्थगन प्रस्ताव खारिज होने पर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक वहीद पारा ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह मुस्लिम विरोधी विधेयक है, लेकिन विधानसभा से प्रस्ताव को खारिज करना दुर्भाग्यपूर्ण है। पीडीपी विधायक वहीद पारा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, जम्मू–कश्मीर एक मुस्लिम बहुसंख्यक राज्य है और यहां के मुख्यमंत्री भी मुस्लिम हैं। मगर वे वक्फ कानून के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करते हैं। देश के मुसलमानों ने इस कानून को लेकर अपना विरोध जताया है। यह मुस्लिम विरोधी विधेयक है, लेकिन जम्मू–कश्मीर विधानसभा में इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया है, जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदलने से लेकर व्यावहारिक बनाने तक, वे हर कदम पर भाजपा का समर्थन कर रहे हैं और यही हम देख रहे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने स्थगन प्रस्ताव के खारिज होने पर कहा, हमें उम्मीद थी कि स्पीकर साहब वक्फ कानून के विरोध में लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर मानेंगे। केंद्र के जितने भी मुद्दे हैं, उस पर चर्चा हुई है। अगर बाकी सब मुद्दों पर चर्चा हुई है तो यह एक गंभीर मुद्दा है। इस पर चर्चा जरूर होनी चाहिए।

# प्रधानमंत्री की नीतियों से तीस करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज देश में ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व के मूलमंत्र के साथ कार्य किया जा रहा है। पहले कई दशकों तक देश में समाज कल्याण विभाग कुछ गिने-चुने कार्यों तक ही सीमित माना जाता था। परंतु नरेंद्र मोदी के प्रधान सेवक बनने के बाद अपनाई गई नीतियों और योजनाओं से बीते एक दशक में देश के करीब 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आने में सफल रहे हैं। सोमवार को देहरादून में आयोजित केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दो दिवसीय चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के लिए गौरव का विषय है कि यहां सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राष्ट्रीय स्तर का चिंतन शिविर आयजित किया जा रहा



है। ये चिंतन शिविर बाबा साहब अंबेडकर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे मनीषियों के चिन्तन का विस्तार भी है। इस शिविर में आयोजित होने वाले संवाद से भविष्य में अपनायी जाने वाली सामाजिक सशक्तिकरण की नीतियों का रोडमैप तैयार होगा। उन्होंने कहा कि आज देश में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एक ओर देश में बुजुर्गों, विधवाओं एवं दिव्यांगजनों को विशेष पेंशन देकर उनका जीवन स्तर सुधारा जा रहा है, वहीं छात्रों को छात्रवृत्ति देकर उन्हें अपना भविष्य उज्जवल बनाने का अवसर भी दिया जा रहा है। इसी तरह विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों के माध्यम से स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित कर अति पिछड़े वर्ग को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। नशे की लत से पीड़ित लोगों के लिए जागरूकता कार्यक्रम और पुनर्वास केंद्रों का संचालन भी किया जा रहा है। इस मौके पर कई राज्यों के मंत्री और विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

**राज्यों और केंद्र के बीच तालमेल बहुत जरूरी**

चिंतन शिविर में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित समुदाय तक पहुंचाने में राज्यों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। चिंतन शिविर का उद्देश्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाना ही है। उन्होंने बताया कि जब आगरा से चिंतन शिविर का सफर शुरू किया गया था, तब उस कार्यक्रम में सिर्फ आठ राज्यों का प्रतिनिधित्व रहा था। मात्र 12 राज्यों के अधिकारी उस कार्यक्रम में पहुंचे थे। ये शुभ संकेत है कि देहरादून के चिंतन शिविर में 15 राज्यों का प्रतिनिधित्व हो रहा है।

# आईडीपीएल में होगी चारधाम यात्रा की अस्थायी पार्किंग

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा के लिए इस बार अस्थायी पार्किंग आईडीपीएल में होगी। ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में यात्री वाहनों का दबाव बढ़ने पर उन्हें अस्थायी पार्किंग में भेजा जाएगा। एसपी ऋषिकेश जया बलोनी ने जल संस्थान, ऊर्जा निगम और नगर निगम के अधिकारियों को पार्किंग में आवश्यक सुविधा जुटाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, पुलिस अधिकारियों को चेकिंग और सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को चारधाम ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में एसपी ऋषिकेश जया बलोनी ने विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को श्यामपुर और आसपास यात्रा मार्गों को गड्ढामुक्त करने के लिए कहा। वन्यजीव बाहुल्य क्षेत्र से गुजरने वाले यात्रा मार्गों पर वन विभाग की अतिरिक्त टीम 24 घंटे अलर्ट पर रखने के भी निर्देश दिए। ई–रिक्शा वाहनों के रूट निर्धारण को लेकर उन्होंने परिवहन कर अधिकारी अनिल कुमार से चर्चा की। जनसुरक्षा को देखते हुए पुलिस



व संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर निर्णय लेने को कहा। त्रा चेकपोस्ट खांड गांव और भद्रकाली में जांच के लिए पंजीकरण एजेंसी के कर्मचारियों की तैनाती के भी निर्देश दिए। एसडीआरएफ और जल पुलिस जवानों को गंगाघाटों पर हर समय सतर्क रहने के लिए कहा। किसी भी समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए एसपी ने सीओ संदीप नेगी को व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर स्थानीय विभागीय अधिकारियों उसमे शामिल करने को निर्देशित किया। वहीं, एसपी ने कहा कि स्थानीय समस्याओं का समाधान यहीं हो तो बेहतर होगा। मौके पर तहसीलदार सुरेंद्र सिंह, पीडब्ल्यूडी एई राजेश चौहान, ऊर्जा निगम एई अरविंद नेगी, सहायक नगर आयुक्त रमेश रावत, कोतवाल प्रदीप राणा, रायवाला थानाध्यक्ष बीएल भारती, पंजीकरण एजेंसी से प्रेमा अनंत, एसआई नवीन डंगवाल, कविंद्र राणा, योगेश चंद्र खुमरियाल, टीएसआई अनवर खान, विनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**अतिक्रमण करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

शहर में सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों पर अभियान चलाकर हर दिन कार्रवाई होगी। एसपी जया बलोनी ने नगर निगम व संबंधित अधिकारियों से वार्ता करते हुए कहा कि यात्रा से पूर्व सभी सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया जाना है। इससे ही सड़कों पर तीर्थाटकों और पर्यटकों को आवागमन सुचारु हो पाएगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अतिक्रमणकारियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश भी दिए।

### किसान नेता डल्लेवाल का आमरण अनशन 131 दिन बाद खत्म, महापंचायत में किया ऐलान

लुधियाना ,संयुक्त किसान मोर्चा (गैर–राजनीतिक) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिन बाद अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया है। उन्होंने रविवार को फतेहगढ़ साहिब की सरहिंद अनाज मंडी में आयोजित एक किसान महापंचायत के दौरान इसकी घोषणा की। यह घोषणा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एक दिन पहले डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील के बाद आई है, जिसमें उन्होंने 4 मई को चंडीगढ़ में किसानों के साथ बैठक करने का प्रस्ताव रखा था। महापंचायत को संबोधित करते हुए डल्लेवाल ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने अरविंद केजरीवाल को बचाने के लिए आंदोलन को समाप्त कराया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की मांगों पर और लंबे समय से किसानों द्वारा किए जा रहे अनुरोध के बाद उन्होंने अपना आमरण अनशन तोड़ा है।

# वक्फ कानून को चुनौती मामला : याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जताई सहमति

नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने जमीयत उलेमा–ए–हिंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलील पर गौर किया जिसमें उन्होंने कहा कि याचिकाएं बेहद अहम हैं और इन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मैं दोपहर में उल्लेख पत्र देखूंगा और निर्णय लूंगा। सूचीबद्ध करेंगे। संसद द्वारा शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किए जाने के तुरंत बाद संशोधनों को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। संसद के दोनों सदनों में विधेयक पारित होने के बाद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने घोषणा की कि वह वक्फ (संशोधन) विधेयक को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती



देगी। कांग्रेस ने दावा किया कि यह संविधान के मूल ढांचे पर हमला है और इसका उद्देश्य धर्म के आधार पर देश को ध्रुवीकृत और विभाजित करना है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में पार्टी के सचेतक मोहम्मद जावेद ने अपनी याचिका में कहा कि ये संशोधन संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 25 (धर्म का पालन और प्रचार करने की स्वतंत्रता), 26 (धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने की स्वतंत्रता), 29 (अल्पसंख्यकों के अधिकार) और 300ए (संपत्ति का अधिकार) का उल्लंघन करते हैं। अपनी याचिका में जमीयत उलमा–ए–हिंद ने कहा है कि यह कानून देश के संविधान पर सीधा हमला है, जो न केवल अपने नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है, बल्कि उन्हें पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है। जमीयत ने कहा, यह विधेयक मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनने की एक खतरनाक साजिश है। इसलिए, हमने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है और जमीयत उलमा–ए–हिंद की राज्य इकाइयां भी अपने–अपने राज्यों के उच्च न्यायालयों में इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देंगी। इसी तरह, ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख अकबरुद्दीन ओवैसी ने शीर्ष अदालत का रुख किया।

# उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में तीन दिन मौसम खराब रहने का यलो अलर्ट जारी

### पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को करेगा प्रभावित

देहरादून। एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ जल्द ही पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। मौसम विभाग की मानें तो 8 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इसके प्रभाव से जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में मौसम करवट लेगा।

आईएमडी के अनुसार, 9 से 11 अप्रैल के दौरान जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में छिटपुट गरज चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना है। इसको लेकर उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में तीन दिन मौसम खराब रहने का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 8 अप्रैल को उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में गरज चमक



के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। इसके बाद 9 अप्रैल को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर, हरिद्वार जिलों में अलग–अलग जगहों पर गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान अलग–अलग स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवाएं चलने की संभावना है। इसको लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।मौसम विभाग ने 10 और 11 अप्रैल को उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर, हरिद्वार जिलों में अलग–अलग जगहों पर गरज चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश या बौछारें पड़ने का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवा की स्पीड 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। कुछ जगहों पर 50 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से भी आंधी चल सकती है। मौसम विभाग की मानें तो जम्मू–कश्मीर में गरज, चमक और तेज हवाओं के साथ छिटपुट से लेकर व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

वहीं 9 से 11 अप्रैल के दौरान हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में छिटपुट बारिश और 10 अप्रैल को उत्तर–पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में छिटपुट बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से हवाएं चलेंगी। 9 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर में छिटपुट ओले भी पड़ सकते हैं। 7 से 10 अप्रैल के दौरान पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में गरज के साथ बारिश जारी रहने की संभावना है।

### जया बच्चन फिर विवादों में : पहले झटका हाथ, फिर सुनाई खरी–खोटी!

नई दिल्ली ,दिग्गज अभिनेत्री और सांसद जया बच्चन एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार अपने व्यवहार को लेकर। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें एक बुजुर्ग महिला के साथ कथित तौर पर गलत तरीके से पेश आते हुए देखा जा सकता है। यह घटना अनुभवी अभिनेता मनोज कुमार की प्रेयर मीट के दौरान हुई। जानकारी के अनुसार, जया बच्चन मनोज कुमार की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने पहुंची थीं। इसी दौरान, एक बुजुर्ग महिला ने उनसे तस्वीर खिंचवाने के लिए पीछे से उनके कंधे पर हाथ रखा। वीडियो में दिख रहा है कि महिला के इस भाव से जया बच्चन चौंक गईं और उन्होंने पलटकर महिला का हाथ झटक दिया। वायरल वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि जब महिला के पति इस पूरे घटनाक्रम को अपने कैमरे में कैद कर रहे थे, तो जया बच्चन उनसे नाराज हो गईं और उन्हें कुछ कहती हुई दिखाई दीं। इसके बाद, बुजुर्ग महिला और उनके पति ने जया बच्चन से माफी मांगी और वहां से चले गए।

# बेगूसराय पहुंचे राहुल गांधी, पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में हुए शामिल

बेगूसराय ,बिहार में विधानसभा चुनाव के भले ही अक्टूबर–नवंबर में होने की संभावना है, लेकिन कांग्रेस ने अभी से ही अपनी खोई जमीन की तलाश शुरू कर दी है। कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी लगातार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। सोमवार को भी वह बिहार पहुंचे और बेगूसराय में पलायन रोको नौकरी दो यात्रा में हिस्सा ले रहे हैं। बेगूसराय में राहुल गांधी के पहुंचने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ गया है। पदयात्रा में राहुल गांधी के साथ हजारों कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और समर्थक चल रहे हैं। समर्थक राहुल गांधी के ऊपर फूलों की बारिश करते नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी की अपील पर कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सफेद टी–शर्ट पहनकर पदयात्रा में भाग लिया। बेगूसराय के



आईटीआई मैदान से पलायन रोको रोजगार दो पदयात्रा शुरू की गई। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भी भीड़ नजर आ रही है। इधर, कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म एक्स पर लिखा, नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आज पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में कदमताल कर यात्रा के संदेश को मजबूती के साथ बुलंद किया।

## सम्पादकीय

# रोजगार के लिए पलायन की मजबूरी खत्म हो

ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम होने से देश में पिछले कुछ वर्षों में आंतरिक पलायन बढ़ा है। इस पलायन को रोकने के लिए स्वरोजगार की योजना को मजबूती के साथ लागू किया जाना चाहिए। दरअसल,कोविड महामारी के दौरान आंतरिक पलायन और भी ज्यादा उजागर हो गया। कोविड से पता चला कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की स्थिति कितनी खराब है।बहरहाल, वर्ष 2005 में कुल वैश्विक आबादी का 12 प्रतिशत हिस्सा (76।3 करोड़ लोग) अपने मूल जन्म स्थान से बाहर जीवन–यापन कर रहा था। दरअसल,देश का आर्थिक विकास तेज होने के साथ ही ग्रामीण से शहरी इलाकों की तरफ पलायन बढ़ गया है।दुनिया में आज उच्च आय वाले जो भी देश हैं, उन सभी में 19 वीं शताब्दी से लेकर 20 वीं शताब्दी के मध्य तक तेज आर्थिक विकास के साथ ग्रामीण से शहरी इलाकों की तरफ पलायन भी खूब हुआ।वर्ष 2016 में चीन में 7.7 करोड़ प्रवासी मजदूर रोजगार की तलाश में एक प्रांत से दूसरे प्रांत में गए। चीन की तुलना में भारत में वर्ष 2011 से 2016 के दौरान लगभग 90 लाख लोग ही एक राज्य से दूसरे राज्य गए।भारत में राज्यों के बीच पलायन चीन ही नहीं अमेरिका की तुलना में भी काफी कम है। अमेरिका के जनगणना ब्यूरो के अनुसार अमेरिका में 2021 में राज्यों के बीच 79 लाख लोगों का पलायन हुआ। हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि अमेरिका की आबादी 34 करोड़ है, जो भारत की कुल आबादी के एक चौथाई से भी कम है। देश में आंतरिक पलायन के रुझान का '400 मिलियन ड्रीम्स' में उल्लेख किया गया है।400 मिलियन ड्रीम्स प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का शोध पत्र है, जो दिसंबर 2024 में जारी हुआ है।विवेक देवराय और देवी प्रसाद मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से लिखे इस पत्र में पलायन पर व्यापक आंकड़े उपलब्ध कराए गए हैं।इस पत्र में भारतीय रेल की अनारक्षित टिकट प्रणाली, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के टेलीफोन उपभोक्ता रोमिंग और जिला–स्तरीय बैंकिंग से जुड़े आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। ये सभी महत्वपूर्ण जानकारियां हैं क्योंकि बड़े पैमाने पर विस्तृत पलायन के आंकड़े केवल जनगणना के समय मिल पाते हैं। आखिरी बार जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी। गैर–उपनगरीय यूटीएस 2 श्रेणी यात्रियों की संख्या पर मिले नए आंकड़ों से '400 मिलियन ड्रीम्स' में निष्कर्ष निकाला गया है कि 2023 में प्रवासियों की संख्या 40.2 करोड़ (देश की आबादी की 28.9 प्रतिशत) थी। यह आंकड़ा 2011 की जनगणना में उपलब्ध कराए गए 45।6 करोड़ (कुल आबादी की 37।6 प्रतिशत) की तुलना में कम था।वर्ष 2011 से 2023 के बीच आंतरिक पलायन में वास्तव में कितनी कमी आई इस पर माथापच्ची किए बिना हमें स्वीकार करना चाहिए कि देश में आंतरिक पलायन उतनी तेजी से नहीं हो रहा है, जितनी तेजी से होने की आशंका थी। राज्यों के बीच पलायन को बढ़ावा देने से न केवल श्रम बाजार की क्षमता बढ़ेगी बल्कि राष्ट्रीय अखंडता को भी बल मिलेगा। बेहतर रहन–सहन की खोज में सुनियोजित शहरों की तरफ ज्यादा पलायन को हमारे भविष्य के सपने के अभिन्न हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। कुल मिलाकर रोजगार के लिए हो रहा पलायन तभी कम हो सकता है, जब रोजगार के अवसर इस जिले में उपलब्ध हो। इस मामले में जिला स्तर पर विशेषज्ञताओं को पहचाना जाना चाहिए और उसे हिसाब से औद्योगिकरण की कार्य योजना बनानी चाहिए। महात्मा गांधी ने भी ग्राम स्वराज की अवधारणा इसी दृष्टि से पेश की थी कि गांवों से पलायन कम से कम हो। यह मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है कि वो अपने जन्म स्थान को छोड़ना नहीं चाहता। उसे अपने जन्म स्थान से भावनात्मक लगाव रहता है। यदि उसे रोजगार भी वही उपलब्ध हो तो फिर वह पलायन क्यों करेगा ? जाहिर है स्वरोजगार की योजना इस मामले में कारगर साबित हो सकती है।

# परिसीमन के मुद्दे पर सियासत

**यह परिसीमन 2009 के लोक सभा चुनाव से देश भर में लागू हो गया। तब झारखंड में भी लागू होना था, लेकिन विरोध के कारण उसे झारखंड में लागू नहीं किया गया था। अब यह मुद्दा एक बार फिर गरम हो गया है। झामुमो ने 2026 में होनेवाले इस प्रस्तावित परिसीमन का विरोध करने की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मुद्दे को लेकर तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात भी की है। देश में अंतिम बार परिसीमन 2009 के चुनावों में लागू हुआ था, लेकिन उस समय झारखंड में इसे लागू नहीं किया गया था। यह मुद्दा पिछली लोक सभा में भी उठा था, जब रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने झारखंड में विधानसभा सीटों की संख्या 120 किये जाने की मांग उठायी थी। अब एक बार फिर यह मुद्दा गरमा गया है। जनगणना के बाद देश में लोक सभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होगा। उसका असर झारखंड पर भी पड़ेगा। इसकी हलचल अभी से दिखने लगी है।**

**चंदन मिश्र**

झारखंड में परिसीमन को लेकर एक नया झमेला और राजनीतिक बखेड़ा खड़ा हो गया है। सत्तारूढ़ झामुमो ने खुलेआम परिसीमन का विरोध करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परिसीमन के खिलाफ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान साफ–साफ कहा है कि इसके लिए झारखंड आर–पार की लड़ाई लड़ेगा। इसके लिए उनकी कुर्सी रहे या चली जाए। अपने समापन भाषण में केंद्र सरकार के खिलाफ खुली चुनौती पेश करते हुए कि परिसीमन के मुद्दे पर केंद्र से आर–पार की लड़ाई होगी। किसी भी कीमत पर झारखंड सरकार परिसीमन को स्वीकार नहीं करेगी। सरकार रहे या जाए, जो भी होगा, सरकार के लिए सबसे अहम होगा। परिसीमन का विरोध जारी रहेगा।झारखंड पर नये परिसीमन के कई असर पड़ने की संभावना है। सबसे पहले, यह आदिवासी समुदाय की विधानसभा और लोक सभा में आरक्षित सीटों की संख्या को प्रभावित कर सकता है। झामुमो का दावा है कि परिसीमन के बाद आदिवासियों की सीटें कम हो जाएंगी। इसके अलावा, परिसीमन के बाद झारखंड में लोक सभा की सीटें बढक़र 17 हो सकती हैं, लेकिन विधानसभा की सीटों की संख्या में कोई बदलाव नहीं होगा। हालांकि, आदिवासी सीटों की संख्या 28 से घटकर 22 हो जाएगी, जबकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या आठ से बढक़र 10 हो जाएगी।अब तक तय कार्यक्रम के अनुसार 2026 में देश भर में परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस परिसीमन से झारखंड के भी राजनीतिक स्थिति में बदलाव होने वाला है। अगर 2026 में परिसीमन प्रक्रिया की शुरु आत हो जाती है, तो 2029 के चुनावों में संसद और विधानसभाओं में सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। माना जा रहा है कि 2029 के लोक सभा चुनाव में लगभग 78 सीटों का इजाफा होने की संभावना है। अब तक जो संकेत मिले हैं, उनके अनुसार झारखंड में लोक सभा सीटों की संख्या बढ़ कर 17 हो सकती है।

झामुमो के विरोध का आधार यह है कि वर्तमान में 14 सीटों में से पांच आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं, लेकिन 17 सीटें होने पर भी आरक्षित सीटों की संख्या नहीं बढ़ेगी, यानी आदिवासियों का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। विधानसभा सीटों के बारे में कहा जा रहा है कि झारखंड में विधानसभा की सीटें नहीं बढ़ेंगी, लेकिन आदिवासी सीटों की संख्या 28 से घट कर 22 हो जाएंगी, जबकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या आठ से बढ़ कर 10 हो जाएंगी। पिछली बार 2007 में देश भर में विधानसभा और लोक सभा की सीटों का परिसीमन हुआ।

यह परिसीमन 2009 के लोक सभा चुनाव से देश भर में लागू हो गया। तब झारखंड में भी लागू होना था, लेकिन विरोध के कारण उसे झारखंड में लागू नहीं किया गया था। अब यह मुद्दा एक बार फिर गरम हो गया है। झामुमो ने 2026 में होनेवाले इस प्रस्तावित परिसीमन का विरोध करने की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मुद्दे को लेकर तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात भी की है। देश में अंतिम बार परिसीमन 2009 के चुनावों में लागू हुआ था, लेकिन उस समय झारखंड में इसे लागू नहीं किया गया था।

यह मुद्दा पिछली लोक सभा में भी उठा था, जब रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने झारखंड में विधानसभा सीटों की संख्या 120 किये जाने की मांग उठायी थी।अब एक बार फिर यह मुद्दा गरमा गया है। जनगणना के बाद देश में लोक सभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होगा। उसका असर झारखंड पर भी पड़ेगा। इसकी हलचल अभी से दिखने लगी है। झामुमो ने आरोप लगाया है कि परिसीमन के जरिये केंद्र की भाजपा सरकार आरक्षित सीटों की संख्या घटा सकती है। नियमों के अनुसार प्रत्येक 15 साल पर परिसीमन करना है। पूरे देश में 2008 में परिसीमन हुआ था। उसी आधार पर 2009 का लोक सभा चुनाव हुआ, पर झारखंड में परिसीमन नहीं हुआ। 2008 में झारखंड के राजनीतिक दलों ने परिसीमन का इसलिए विरोध किया था, क्योंकि उन्हें डर था कि लोक सभा और विधानसभा में एसटी सीटें घट जाएंगी। परिसीमन के बाद लोक सभा की एक और विधानसभा की छह एसटी सीटें घटने की आशंका थी, जबकि विधानसभा में एससी की एक सीट बढक़र 10 हो रही थीं। फिर वही परिदृश्य बनने की संभावना है। इसलिए झामुमो अभी से मुद्दा बनाने में जुट गया है।दरअसल, झारखंड में परिसीमन का मुद्दा पूरी तरह सियासी रंग पकड़ चुका है। स्थापित प्रावधानों के अनुसार हर जनगणना के बाद परिसीमन आयोग का गठन किया जाता है और इसकी सिफारिशें लागू की जाती हैं। देश में अंतिम परिसीमन आयोग 2002 में बना और इसने 2005 में अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को दी। उस समय झारखंड में लोक सभा की दो सीटें बढ़ाने और विधानसभा की कुछ सीटों को विलोपित कर उनके स्थान पर नया क्षेत्र बनाने की सिफारिश की गई थी।

इस सिफारिश का सबसे महत्त्वपूर्ण अंश यह था कि इसमें अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या कम कर दी गई थी। तब झामुमो और कई अन्य आदिवासी संगठनों ने इन सिफारिशों का विरोध किया था। 2005–2006 में विधानसभा सीटों को नये सिरे से चिह्नित करने को लेकर राज्य सरकार ने भी परिसीमन कमिटी का गठन किया था। इसमें सामाजिक और आर्थिक ढांचे के साथ क्षेत्र के पिछड़ेपन आदि को मानक बनाते हुए परिसीमन किया जाना था, लेकिन झामुमो और अन्य आदिवासी संगठनों के विरोध के कारण तत्कालीन केंद्र सरकार ने रोक लगा दी थी।

अब झामुमो ने परिसीमन के विरोध की घोषणा की है, तो सियासी हलचल स्वाभाविक है। यह हकीकत है कि झारखंड में आबादी के हिसाब से लोक सभा और विधानसभा सीटों की संख्या कम है। यहां की सवा तीन करोड़ की आबादी के लिए 14 सांसद और 81 विधायक हैं।

## भारत को घुसपैठ से राहत मिलेगी

आप्रवास और विदेशियों विषयक विधायक 2025 अंततः लोक सभा से पारित हो गया। इधर के दिनों में विशेषकर भारत में बांग्लादेश में रोहिंग्या की भारी घुसपैठ के कारण इस विधायक की जरूरत ज्यादा ही महसूस की जा रही थी। कुछ एजेंटों तथा सक्रिय निहित स्वार्थ के कारण इन दोनों समुदायों के लोग भारत में आकर न केवल भारतीय पहचान पत्र बनवाने में सफल हो जाते हैं बल्कि अपने लिए अस्थाई और अस्थाई अजीविका भी तलाश लेते हैं। अगर मामला यहीं तक सीमित होता तब भी गनीमत थी, लेकिन इन समुदायों के लोग सामान्य से लेकर गंभीर अपराधों तक और यहां तक की भारत–विरोधी गतिविधियों में भी लिप्त पाए गए हैं। भारत सरकार तथा भारतीय हितों के पोषक लोग लंबे समय से इनके खतरे के प्रति आगाह भी करते रहे हैं और इसे नियंत्रित करने के प्रयासों पर चर्चा करते रहे हैं। इन्हीं सब की परिणति है यह नया विधेयक। इस विधेयक पर चर्चा करते हुए गृह मंत्री अमित शाह की इस बात से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी यहां चला आए, बस जाए और बिना किसी रोक–टोक के जो मन आए करता रहे। वास्तविक समस्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की नहीं बल्कि उनकी है जो उनके आगमन को संभव बनाते हैं। उनके रहने और रोजगार की व्यवस्था करते हैं और फिर उन्हें भारत विरोधी गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं। अब देखना है कि इस नाम इस कानून के लागू होने के बाद किस तरह से घुसपैठियों पर रोक लगेगी और किस तरह से उनके विरु द्ध कार्रवाई होगी जो भारत में घुसपैठ को सुगम बनाते हैं। याद रखना चाहिए कि इन घुसपैठियों की मदद करने वाले तथा इन्हें भारत में बसने के दस्तावेज उपलब्ध कराने वालों का एक वृहद तंत्र है जो समूचे भारत में फैला हुआ है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री ने इस घुसपैठ को रोकने में सहयोग करने का आरोप पश्चिम बंगाल की सरकार पर भी लगाया है। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के पास जो आधार कार्ड मिलते हैं वह पश्चिम बंगाल में 24 परगना जिले के होते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि यह नया कानून और गृह मंत्री के प्रयास सही परिणति तक पहुंचेंगे, भारत को घुसपैठ से राहत मिलेगी और धर्मशाला खाली होगा।

## मोदी और संघ की मुलाकात

नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के 11 साल बाद पहली बार नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय पहुंचने के कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। मोदी के पहले अटल बिहारी वाजपेयी ने साल 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल में संघ मुख्यालय गए। स्वाभाविक तौर पर मोदी ने संघ के साथ अपने अटूट संबंधों की जुगाली की। उन्होंने 'माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर' की आधारशिला रखने के बाद कहा कि, 'संघ भारत की अमर संस्कृति और आधुनिक अक्षयवट है, जिसके आदर्श और सिद्धांत राष्ट्रीय चेतना की रक्षा करना है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह (संघ) देश की चेतना को ऊर्जा प्रदान करता है।' हालांकि मोदी के नागपुर जाने और संघ प्रमुख सहित अन्य पदाधिकारियों से मिलने को विपक्ष भले मुद्दा बनाने की कोशिश में है, मगर भाजपा के नेताओं का वहां जाना कतई गलत नहीं माना जा सकता है। संघ से पीएम मोदी का दिलों का रिश्ता है, ये दशकों पुराना है. ये सफर 1972 में शुरू हुआ था। 1972 में नरेन्द्र मोदी संघ में शामिल हुए थे। प्रचारक बने, फिर के जरिए भाजपा में एंट्री हुई। गुजरात में संगठन की जिम्मेदारी मिली। 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने। संघ का उन्हें मजबूत समर्थन मिला। बहरहाल, मोदी के इस दौरे को भाजपा के नये अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विचार–मंथन के तौर पर भी देखा जा रहा है। हालांकि खुद प्रधानमंत्री इस साल सितम्बर में 75 वर्ष के हो जाएंगे। स्वाभाविक है कि उनकी उम्र और भाजपा के उम्र संबंधी नियम–कायदों का भी उनके दौरे में चिंतन–मनन होगा। 2024 में संपन्न हुए लोक सभा चुनाव में मोदी का मैजिक नहीं चल सका। पार्टी आशा के अनुरूप सीटें हासिल करने में नाकामयाब रही। लाजिमी है कि पार्टी के इस लचर प्रदर्शन को लेकर यह विश्लेषण भी सामने आया कि संघ का समर्थन शायद भाजपा को नहीं मिला।

# उच्च शिक्षा नीति में एक बड़ा बदलाव

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

मध्य प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा नीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए कई दक्षिण भारतीय भाषाओं को राज्य शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल कर बेहद सकारात्मक संदेश दिया है। अब राज्य के कॉलेजों में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत और उर्दू के अलावा बंगाली, मराठी, तेलुगू, तमिल, गुजराती और पंजाबी जैसी भारतीय भाषाओं में भी शिक्षा दी जाएगी। इस पहल के तहत छात्रों को अपनी मातृ भाषा में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिससे उनकी भाषाई क्षमता और सांस्कृतिक जुड़ाव में वृद्धि होगी। त्रिभाषा फार्मूले के बाद कई दशकों से होने वाली भाषाई राजनीति के थमने के आसार बढ़ गए हैं। मध्य प्रदेश का यह कदम देश में भाषावाद की राजनीति को खत्म करने वाला और राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण हो सकता है।

दरअसल, करीब छह दशक पहले भारत में त्रिभाषा फार्मूले को इसलिए प्रस्तावित किया गया था जिससे कि विविधता वाले विशाल भारत देश में बहुभाषावाद और राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा मिले तथा इसे देश की एकता और अखंडता को मजबूती मिल सके। कोठारी आयोग ने इसकी सिफारिश 1960 के दशक में की थी। यह फार्मूला भारतीय भाषाओं की समृद्धि और विविधता को बनाए रखते हुए छात्रों को विभिन्न भाषाओं के ज्ञान के माध्यम से एकता, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाला बताया गया था। त्रिभाषा फार्मूला का उद्देश्य भारतीय शिक्षा व्यवस्था में भाषाई विविधता को प्रोत्साहित करना और एकता बनाए रखना था, लेकिन इसके कई पहलुओं पर सही तरीके से अमल नहीं किया गया है। उत्तर भारत के कुछ हिस्सों खासकर हिन्दीभाषी राज्यों में दक्षिण भारतीय भाषाओं के महत्त्व को ठीक से समझने या स्वीकार करने में कुछ हद तक उपेक्षापूर्ण रवैया देखा गया। इसका असर त्रिभाषा फार्मूला और भाषाई समानता के मुद्दे पर भी पड़ा। आम तौर पर हिन्दीभाषी क्षेत्रों में महसूस किया जाता है कि हिन्दी के अलावा अन्य भाषाएं जैसे तमिल, तेलुगू, कन्नड़ या मलयालम उतनी महत्त्वपूर्ण नहीं हैं, जिससे दक्षिण भारत के लोगों को अपमान का अहसास होता है। दक्षिण भारतीय भाषाओं के महत्त्व को नकारने को दक्षिण भारत में भाषाई श्रेष्ठता और सांस्कृतिक असंवेदनशीलता की तरह लिया गया और बाद में दक्षिण भारत की राजनीति में इसे हिन्दी विरोध के रूप में प्रचारित किया गया। इससे देश में भाषा और पहचान को लेकर उत्तर भारत और दक्षिण भारत में एक लकीर खिंच गई। वास्तव में इस समय राजनीतिक दलों से अपेक्षा थी कि वे भाषा और पहचान के बीच के संबंधों को बेहतर तरीके से लोगों को समझाएं तथा समावेशी दृष्टिकोण अपना कर राष्ट्रीय एकता को मजबूती दें। लेकिन ऐसा हो न सका। इस कारण त्रिभाषा सूत्र को लागू करने में भारी समस्याएं सामने आ गई। तमिलनाडु, पुडुचेरी और त्रिपुरा जैसे राज्य अपने स्कूलों में हिन्दी सिखाने के लिए तैयार नहीं हुए। वहीं किसी भी हिन्दीभाषी राज्य ने अपने स्कूलों के पाठ्यक्रम में किसी भी दक्षिण भारतीय भाषा को शामिल नहीं किया। उत्तर भारतीय दृष्टिकोण से दक्षिण भारत की भाषाओं को पूरी तरह से महत्व नहीं दिया जाता और धारणा बनती है कि ये भाषाएं हिन्दी के मुकाबले कम महत्त्वपूर्ण हैं। उत्तर भारत में हिन्दी का प्रभुत्व इतना गहरा है कि कई लोग इसे राष्ट्रीय एकता और पहचान का प्रतीक मानते हैं। इस मानसिकता में दक्षिण भारत की भाषाओं को शामिल करने की बजाय हिन्दी को ही देश की एकमात्र प्रमुख भाषा माना जाता है। 1960 के दशक में जब दक्षिण भारत में हिन्दी के खिलाफ विरोध हो रहा था, तो उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में इसे राष्ट्र के खिलाफ आंदोलन की तरह समझा गया था। उत्तर भारतीयों को यह महसूस नहीं हुआ कि यह केवल एक भाषा का सवाल नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक और पहचान का मुद्दा था। इस असंवेदनशीलता ने दक्षिण भारत के लोगों को आभास कराया कि उत्तर भारत उनकी सांस्कृतिक और भाषाई पहचान की कद्र नहीं करता। भारत में भाषावाद जटिल और संवेदनशील समस्या रही है, जो देश की विविधता और एकता, दोनों को प्रभावित करती है।

# कार्तिक आर्यन की तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी वैलेंटाइन डे 2026 के लिए लॉक

कार्तिक आर्यन और फिल्म मेकर करण फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के लिए फिर से साथ काम कर रहे हैं. फिल्म की रिलीज डेट आखिरकार तय हो गई है. खबर है कि धर्मा प्रोडक्शंस की आगामी फिल्म में अनन्या पांडे को मुख्य भूमिका में लिया जा सकता है.करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, भूमिका तिवारी, शरीन मंत्री केडिया और किशोर अरोड़ा निर्मित रोमांटिक कॉमेडी तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी की रिलीज डेट लॉक कर दी गई है. यह फिल्म 2026 में वेलेंटाइन डे वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी.ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी की रिलीज डेट के बारे में जानकारी साझा की है. तरण आदर्श के मुताबिक, कार्तिक आर्यन वैलेंटाइन 2026 पर आर रहे हैं– तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की



रिलीज डेट लॉक. कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी, जो एक लव स्टोरी है, 13 फरवरी 2026 (वेलेंटाइन डे सप्ताहांत) को सिनेमाघरों में आएगी. समीर विद्वांस, जिन्होंने कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा की थी,

## गुजरात के गेंदबाज इशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन पर लगाया जुर्माना

हैदराबाद, गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। इशांत ने अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकारा है। गौरतलब है कि आईपीएल आचार संहिता के लेवल–1 का उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है। इस बीच, रविवार को गुजरात टाइटन्स ने कप्तान शुभमन गिल के शानदार अर्धशतक और शेरफेन रदरफोर्ड के पावर–पैक फिनिश के साथ मोहम्मद सिराज के तेजतर्रार चार विकेट के बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

# धोनी ने आईपीएल से संन्यास की अटकलों को किया खारिज

चेन्नई, भारत के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने रविवार को खुद के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से सन्यास की अटकलों को खारिज करते हुये कहा कि मौजूदा संस्करण के बाद अपनी फिटनेस के आधार पर वह अगले सीजन में खेलने का फैसला करेंगे।



पॉडकास्ट में आईपीएल से संन्यास के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए धोनी ने कहा, मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं और मैंने इसे बहुत सरल रखा है। मैं एक बार में एक साल के लिए खेलता हूं। मैं अभी 43 साल का हूं और जुलाई में जब यह सीजन खत्म होगा, तब तक मैं 44 साल का हो जाऊंगा। इसलिए, मेरे पास यह तय करने के लिए लगभग 10 महीने हैं कि मैं एक और साल खेलना चाहता हूं या नहीं। उन्होंने कहा, यह वास्तव में इस बारे में नहीं है कि मैं क्या चाहता हूं। यह शरीर है जो आपके लिए निर्णय लेता है। मैं क्रिकेट जारी रख सकता हूं या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि मैं शारीरिक रूप से कैसा महसूस करता हूं। फिलहाल, मैं इस बात पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर रहा हूं कि इस सीजन में क्या करने की जरूरत है। मौजूदा आईपीएल सीजन में धोनी के मामूली प्रदर्शन के बीच रिटायरमेंट की चर्चा जोर पकड़ रही है। हालांकि अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज चार मैचों में केवल एक बार आउट हुए हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक बल्ले से कोई खास प्रभाव नहीं डाला है या कोई पारी पूरी तरह से खत्म नहीं की है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में धोनी ने 26 गेंदों पर 30 रन बनाए, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स 50 रनों से हार गई।

## ऋ तिक रोशन की फिल्म कृष 4 से जुड़ीं नोरा फतेही

जब से ऋतिक रोशन ने अपनी ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइजी कृष की चौथी किस्त की घोषणा की है, प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। खास बात यह है कि कृष 4 के निर्देशन की कमान ऋतिक को सौंपी गई है। इस फिल्म के जरिए वह मनोरंजन जगत में बतौर निर्देशक कदम रखने जा रहे हैं। ताजा खबर यह है कि कृष 4 की स्टार कास्ट में जानी–मानी अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही शामिल हो गई हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, कृष 4 में अहम भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने नोरा से संपर्क किया है। दिलचस्प बात यह है कि उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और कृष 4 का हिस्सा बनने के लिए वह काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट में



दावा किया गया है कि प्रीति जिंटा भी कृष 4 में नजर आएंगी। उन्होंने कोई मिल गया में निशा की भूमिका निभाई थी। अब वह अपने इस किरदार को दोबारा दोहराती दिखेंगी।कृष फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म थी कोई मिल गया जो 2003 में आई थी। इसने बॉलीवुड को एक नया सुपरहीरो दिया था। इसके बाद साल 2006 में कृष और 2013 में कृष 3 रिलीज हुईं।

## द पैराडाइज से नानी की नई झलक आई सामने, हिंदी समेत इन भाषाओं में होगी रिलीज

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने–माने अभिनेता नानी काफी समय से अपनी आगामी फिल्म द पैराडाइज को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान श्रीकांत ओडेला ने संभाली है। दशहरा के बाद यह श्रीकांत और नानी के बीच दूसरा सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुधाकर चेरुकुरी इस फिल्म के निर्माता हैं।

अब द पैराडाइज से नानी की नई झलक सामने आ गई है, जिसमे उनका धांसू अवतार दिख रहा है। द पैराडाइज एक पैन–इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषा में रिलीज किया जाएगा। खास बात यह है कि यह फिल्म अंग्रेजी और स्पेनिश भाषा में भी दर्शकों के बीच आएगी। यह फिल्म ठीक एक साल बाद यानी 26 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नानी के अलावा इस फिल्म में सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

# पंजाब के खिलाफ मैच में जीत की पटरी पर वापस आना चाहेगी सीएसके

चंडीगढ़, लगातार मिली तीन हार से तिलमिलायी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ अहम आईपीएल मुकाबले में जीत की राह पर लौटने की हर मुमकिन कोशिश करेगी।

मुंबई इंडियंस पर शानदार जीत के साथ आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत करने वाली सीएसके को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से उसने मुंह की खाई है। हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है। पांच बार की चैंपियन टीम अब तक खेले गये चार मैचों में अपने 17 खिलाड़ियों का



इस्तेमाल कर चुकी है। यह बदलाव स्पष्ट रूप से तय रणनीति की कमी को दर्शाता है। पिछले चार मैचों में 121 रन बनाने वाले कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर मुलांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भी निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में दस विकेट अपने नाम करने वाले नूर अहमद भी टीम की सबसे बड़ी उम्मीद बने हुए हैं। हालाँकि, रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की फॉर्म और भूमिका और रविचंद्रन अश्विन की अगुआई में उनके स्पिन विभाग से निराशाजनक वापसी को लेकर सवाल बने हुए हैं।

इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स से 50 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स में अधिक एकजुटता दिखी है। श्रेयस अय्यर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और तीन मैचों में 159 रन बनाए हैं जबकि नेहल वढेरा ने मध्य क्रम में प्रभावित किया है। पीबीकेएस अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करने के साथ सीएसके पर अपना हालिया दबदबा बनाए रखने के लिए खुद को तैयार करेगी। हालांकि, सीएसके मई 2024 में पीबीकेएस के खिलाफ अपने आखिरी मुकाबले से उत्साहित होगी,

## एक नजर

### सेंट जोसफ कांवेंट ने जीता जूनियर शॉकर कप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सेंट जोसफ कॉवेंट ने बाल भारती ब्वाइज को हराकर जूनियर शॉकर कप अपने नाम किया। प्रतियोगिता में आठ क्लबों की टीम ने प्रतिभाग किया था।

कोटद्वार फुटबाल संघ की ओर से फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें नगर की शीर्ष आठ क्लब की टीमों ने प्रतिभाग किया। एक सप्ताह तक चले लीग मुकाबले के बाद सेमीफाइनल मुकाबलों में बाल भारती ब्वाइज ने स्टेडियम टीम को 3-1 से हराया। जबकि कांवेंट ने ए-वन क्लब को 3-0 से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में सेंट जोसफ कांवेंट की टीम ने बाल भारती ब्वाइज को 4-3 से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के आयोजक सचिव सिद्धार्थ रावत ने बताया कि प्रतियोगियों से उदीयमान खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें शिविर में प्रशिक्षण दे कर नगर की टीम के लिए तैयार किया जाएगा। इस दौरान शारीरिक शिक्षिका दीप्ति चौधरी व सतीश मौर्य ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी दे कर सम्मानित किया। इस मौके पर इंद्र रावत, शुभम बमोला, अभिनव सिंह आदि मौजूद रहे।

### कार्यदायी संस्था दिन-रात कार्य करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 07 नन्दप्रयाग के समीप मलबा निस्तारण की कार्यवाही जोरों से चल रही है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कार्यदायी संस्था को दिन रात कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रातः 06 बजे से रात्रि 8 बजे ट्रीटमेंट कार्य के बीच बीच में यातायात व्यवस्था के अनुसार समय-समय पर वाहनों के लिए खोला जाएगा। वहीं रात्रि 08 बजे से सुबह 06 बजे तक पूर्णतया बंद रहेगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को कार्य की अधिकता व समय के अभाव को देखते हुए पर्याप्त संख्या में मशीन व मैन पावर लगाने के निर्देश दिए। जिससे यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व कार्य पूर्ण किया जा सके। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### बदरीनाथ धाम पहुंचा मंदिर समिति का 30 सदस्यीय अग्रिम दल

चमोली : बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने से पूर्व व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के लिए सोमवार को बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति का अग्रिम दल बदरीनाथ पहुंचा। इस दल का नेतृत्व मंदिर समिति के अवर अभियंता गिरीश रावत ने किया। दल में 15 मंदिर कर्मचारी, अधिकारी, स्वयं सेवक और 15 मजदूर शामिल हैं। दल का उद्देश्य धाम में विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप देना और यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार करना है। इससे पहले, 27 मार्च को बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बदरीनाथ पहुंचकर कपाट खुलने से पूर्व की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि इस अग्रिम दल द्वारा मंदिर समिति के विश्रामगृहों, कार्यालयों, पूजा काउंटरों, दर्शन पंक्ति, स्वागत कार्यालय और मंदिर परिसर के आसपास सौंदर्यीकरण कार्य, विद्युत, पेयजल, संचार व्यवस्था, सफाई और मरम्मत कार्य किए जाएंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलने जा रहे हैं और प्रदेश सरकार द्वारा चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर कार्य तेजी से चल रहे हैं। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी बदरीनाथ यात्रा की तैयारियों के लिए चार बार धाम का दौरा कर चुके हैं और स्थलीय निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों को सभी आवश्यक निर्देश दे चुके हैं।

# चिलचिलाती धूप व गर्मी का असर, बीमार हो रही आंखें



कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय में नेत्र चिकित्सक की ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़

## बेस अस्पताल में लगातार बढ़ रही आंखों से संबंधित मरीजों की संख्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अप्रैल के महीने में गर्मी व चिलचिलाती धूप ने अपने तेवर दिखाने शुरु कर दिए हैं। जिससे आमजन की आंखें भी बीमार हो रही है। बेस अस्पताल में आंखों की समस्या से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। प्रतिदिन सौ से डेढ़ सौ मरीज आंखों के उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक धूप व गर्मी में आंखों की बेहतर देख-रेख की सलाह दे रहे हैं।

मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते जहां आमजन वायरल बुखार से पीड़ित है, वहीं मौसम के इस उतार-चढ़ाव ने आंखों को भी बीमार कर दिया है। इन दिनों में आंखों में एलर्जी व इंफेक्शन के मरीजों में बढ़ोत्तरी हुई है। मौसमी एलर्जी से आमजन की आंखों में दर्द व खुजली की शिकायत मिल रही है, जिससे कई लोगों की आंखों में लालपन व सूजन भी हो रही है।

पिछले एक सप्ताह से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार के साथ ही निजी अस्पतालों में इस तरह के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। नेत्र विशेषज्ञ डा. दिनेश सिंह ने बताया कि तेज धूप में जाने से पूर्व आंखों पर काला चश्मा अवश्य लगा लें, इससे तेज धूप का असर आंखों पर नहीं होगा। साथ ही धूल व मिट्टी के कण भी आंखों तक नहीं पहुंच पाएंगे। लापरवाही दिखाने पर आंखों में वायरल इंफेक्शन बढ़ने का भी खतरा रहता है। बताया कि गर्मी जैसे-जैसे बढ़ेगी आंखों की देखभाल करना उतना ही जरूरी होगा। बढ़ता तापमान, धूप और धूल के कारण आंखों को अधिक संक्रमण, सूखापन का सामना करना पड़ सकता है।

### यह हैं संक्रमण के लक्षण

आंखों में लालपन और सूजन, आंखों में दर्द और जलन, आंखों से पानी आना और आंखों में धुंधलापन, आंखों में दृष्टि समस्या

### इस तरह करें बचाव

नियमित रूप से साफ पानी से धोएं, समय-समय पर आंखों की जांच करवाते रहे। गंदे हाथ आंखों पर न लगाएं, धूप में जाने से पूर्व चश्मा अवश्य लगाएं।

## गलती से दूसरे खाते में डाली रकम, पुलिस ने दिलवाई वापस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गलती से दूसरे खाते में डाली गई रकम को पुलिस ने वापस दिलवाया है। पीड़ित महिला की ओर से इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी गई थी। जिसमें उसने बताया कि वह अपने पति के खाते में तीन लाख रुपये डाल रही थी। लेकिन, रकम गलती से किसी ओर के खाते में चली गई थी।

गुमखाल निवासी नेहा शर्मा ने बताया कि कि वह अपने पति के खाते में तीन लाख रुपये डाल रही थी। लेकिन, वह राशि किसी अन्य खाते में चली गई। बताया कि खाते के बारे में उन्हें किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं मिल पा रही है। पुलिस ने बैंक के साथ मिलकर गलत खाते में गई धनराशि को वापस दिलवाया है। इस दौरान पुलिस ने आमजन को साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया।

# कर्मचारियों ने अधिकारी को गिनवाई समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लगातार समस्याएं उठाने के बाद भी उनका निराकरण नहीं होने पर पेयजल तकनीकी/मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संगठन ने रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में संगठन ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया।

समस्या के संबंध में शाखा सचिव विजय कुमार ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया।

बताया कि कालाबड़ बूस्टर पंप हाउस में मेन स्वीच, चेंज ओवर रिले व कूलर की अविलंब व्यवस्था की जानी चाहिए। पूर्व में इस संबंध में अधिशासी अभियंता ने कनिष्ठ अभियंता को निर्देश भी दिए थे। लेकिन, निर्देशों का पालन नहीं हुआ। अगस्त 2024 से माह मार्च 2025 तक के अतिकाल भत्ते का अब तक भुगतान नहीं हुआ है। ज्ञापन में कहा गया कि जिन कर्मचारियों को एसीसी का लाभ नहीं मिल पाया, उन्हें जल्द एसीपी का लाभ उपलब्ध करवाने की योजना पर कार्य किया जाए। ज्ञापन में सभी कर्मचारियों के डिजिटल आई-कार्ड बनवाए जाने, जो कर्मचारी वाहन भत्ते से वंचित है, उन्हें शीघ्र अनुमन्य किये जाने, सिद्धबली मंदिर के निकट यूनियन भवन 2.50 किलोमीटर का मरम्मत का कार्य व जीर्णोद्धार करवाये जाने की मांग की। साथ ही श्रीरामपुर में नये स्टाफ क्वार्टर का निर्माण, अनुबंध पर कार्य करने वाले कर्मियों का माह जुलाई 2024 से मार्च 2025 तक का भुगतान अविलंब करने की मांग की। इसके अलावा ठेकेदार के अधीन कार्यरत कर्मियों का पीएफ प्रतिमाह जमा करवाया जाएं।

# विस अध्यक्ष ने किया सम्मानित



विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी महिला को सम्मानित करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : स्वच्छता के साथ ही अन्य सामाजिक कार्यों में योगदान देने वालों को विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी की ओर से सम्मानित किया गया है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता संग्राम सिंह भंडारी ने बताया कि गोविंद विहार मानपुर निवासी पूर्णिमा भट्ट को स्वच्छता व गोविंद विहार निवासी नंद किशोर कुकरेती को वृद्ध मां की सेवा के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## पोर्टल के माध्यम से हाजरी का विरोध

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय स्नतकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने समर्थ पोर्टल के माध्यम से हाजिरी का विरोध किया है। कहा कि यह नियम छात्रों के हित में नहीं है। ऐसे में सरकार को यह निर्णय वापस लेना चाहिए। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल के नेतृत्व में विद्यार्थी तहसील परिसर में पहुंचे। जहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। कहा कि वर्तमान में महाविद्यालयों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से 75 प्रतिशत हाजिरी की बाध्यता कर दी गई है। कहा कि रोजाना शिक्षकों के माध्यम से कक्षा में सेल्फी लेकर समर्थ पोर्टल को देना भी सुनिश्चित किया गया है, जबकि महाविद्यालय ने सेल्फी को निजता के अधिकार का हनन बताया। कहा कि वर्तमान में कई छात्र समर्थ पोर्टल के कारण परेशान है। उन्होंने मुख्यमंत्री से छात्रों की 75 प्रतिशत हाजिरी की बाध्यता को समर्थ पोर्टल से हटाने की मांग की है। इस मौके पर महाविद्यालय के कई छात्र मौजूद रहे।

# रोड रोलर का पहिया चोरी करने वाले गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** मालनी नदी के समीप खड़े सरकारी रोड रोलर का पहिया चोरी करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यही नहीं बदमाशों ने बीईएल रोड से सेटरिंग के लोहें की प्लेट भी चोरी की थी।

घटना के संबंध में लोक निर्माण विभाग दुगड्डा के अवर अभियंता संजय कुमार ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि मालनी नदी के समीप एक सरकारी रोलर का पिछला पहिया गायब हो गया। वहीं, गोविंद नगर निवासी कुलदीप कुमार ने भी पुलिस को तहरीर दी कि बीईएल रोड निकट आनंदम अस्पताल के समीप से कुछ अज्ञात चोर लोहे की 41 प्लेट चोरी कर ले गए हैं। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। जांच में युवक चोरी की घटना को अंजाम देते हुए दिखाई दिए। अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि चैकिंग के दौरान कौड़िया के समीप संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ एक छोटा हाथी वाहन दिखाई दिया। जिसमें चोरी का सामान लगा हुआ था। इससे रोड रोलर का पहिया भी बरामद हुआ। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने दिल्ली फार्म रेलवे पटरी के समीप से लोहे की 41 प्लेट भी बरामद कर ली। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश, जिला बिजनौर, ग्राम मिर्जापुर निवासी प्रीम, सूर्यानगर कोटद्वार निवासी अमन सिंह व जाफरा निवासी शहबान के रूप में हुई है। बदमाशों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



कोतवाली पुलिस हिरासत में आरोपी

# रामनवमी पर निकाली राम ढोल यात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रामनवमी के मौके पर श्री राम लीला कमेटी मालवीय उद्यान की ओर से शहर में राम ढोल यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु जय श्री राम के जयघोष करते हुए चल रहे थे।

हिंदू पंचायती धर्मशाला से राम ढोल यात्रा निकाली गई। यात्रा झंडाचौक, बदरीनाथ मार्ग, पटेल मार्ग, नजीबाबाद रोड, स्टेशन रोड होते हुए वापस हिंदू पंचायती धर्मशाला में पहुंची। श्रद्धालु व समिति के सदस्य ढोल की धुन पर राम नाम का गुणगान कर रहे थे। पूरा शहर श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। इस दौरान आमजन से राम के बताए मार्ग पर भी चलने की अपील की गई। जगह-जगह राम ढोल का फूल मालाओं से भी स्वागत हुआ। समिति के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष रामनवमी पर राम ढोल यात्रा निकाली जाती है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। राम ढोल यात्रा के दौरान रामदरवार की झांकी भी प्रस्तुत की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान राम से अपने परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की। इस मौके पर हरीश बेरानी, सुनील गोयल, धर्मवीर गुसाईं आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में रामढोल यात्रा निकालते समिति के सदस्य व अन्य

## आज खिलाई जाएगी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : स्वास्थ्य विभाग पौड़ी की ओर से जनपद में मंगलवार (8 अप्रैल) को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 2355 स्कूलों, 1856 आंगनबाड़ी केंद्रों और 301 व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों में 1 से 19 आयु वर्ग तक के सभी बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पारुल गोयल ने बताया कि जिले में कुल 147055 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जानी है। बताया कि स्कूल और आगंनबाड़ी केंद्रों में दवा खाने से छूट गए बच्चों को 16 अप्रैल को मॉपअप डे दिवस पर दवा खिलाई जाएगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 07.04.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता /II/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 10-DRM-MB-25-26 Date 07.04.2025 |
| कार्य का नाम | Provision of rubberized level crossing surfacing at LC No. 28 Spl, 37 Spl, 40 Spl & 52 Spl on RAC-SPC section Under Jurisdiction of ADEN II/HRI. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 05.05.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,20,76,823.20 |
| धरोहर राशि | 2,10,400.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 21.04.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

1042/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जीएमओयू से जुड़ी हैं बचपन की यादें : ऋतु



कोटद्वार के जीएमओयू में आयोजित कार्यक्रम पहुंची विस अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** जीएमओयू सभागार में यूनियन के नव गठित संचालन मंडल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने कहा कि जीएमओयू गढ़वाल की रीढ़ है। उनकी भी जीएमओयू से बचपन की यादें जुड़ी हुई है। आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि गढ़वाल मोटर्स आनर यूनियन (जीएमओयू) से यात्रियों का अटूट रिश्ता है। आज जहां निजी वाहनों का संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं, जीएमओयू पहाड़ों की रीढ़ बनकर यात्रियों के आवागमन का सहारा बन रही है। कहा कि पहाड़ के दूरस्त क्षेत्रों के लिए जीएमओयू रीढ़ का कार्य कर रहा है। यह संस्थान हमारे पहाड़ का गौरव है। उन्होंने कर्मचारियों से यात्रियों के प्रति अपना मधुर व्यवहार रखने की भी बात कही। कहा कि हमें स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। बसों में किसी भी प्रकार की गंदगी न हो इसका विशेष ध्यान दिया जाएं। इससे लोगों के बीच स्वच्छता का संदेश जाएगा। कहा कि जीएमओयू को आधुनिकता से भी जुड़ना चाहिए। जैसे आनलाइन टिकट बुकिंग सहित अन्य पहलुओं पर कार्य होना चाहिए। कहा कि उन्होंने जीएमओयू की बस में काफी सफर किया है। जीएमओयू से उनकी कई यादें जुड़ी हुई हैं। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल, जीएमओयू के अध्यक्ष भास्करानंद भारद्वाज, बलराम सिंह रावत, संदीप अग्रवाल, गणेश जुयाल, गजे सिंह, अर्जुन सिंह, सुरेंद्र सिंह रावत, बच्ची पुंडीर, महराज सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## भगवान श्री राम के चरित्र से प्रेरणा लें युवा

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित स्वामी मनमंथन सभागार में विवि और अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन ने श्रीराम नवमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर इस्कॉन श्रीनगर के अध्यक्ष आश्रय कृष्ण दास ने बताया कि आज हमारे युवा नशे की ओर बढ़ते जा रहे हैं। यह सारे समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। कहा कि जहां एक ओर नशा ही युवाओं को हिंसा, अपराध और चारित्रिक पतन की ओर ले जा रहा है, वहीं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का आदर्श चरित्र हमें त्याग, तपस्या, सत्कर्म और समाजसेवा की शिक्षा देता है। बताया कि राज्य और भारत सरकार के राष्ट्रव्यापी नशा उन्मूलन अभियान में इस्कॉन भी पूरी तरह अपना सहयोग दे रहा है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते हुए युवाओं को सकारात्मकता और अध्यात्मिक का संदेश दे रहा है। छात्रों द्वारा भगवान श्रीराम की लीलाओं पर आधारित नृत्य, नाटक, गान, कविता आदि का मंचन किया गया। रॉक बैंड ड्राइ डे की प्रस्तुति ने सबको झुमाया। इस मौके पर गढ़वाल विवि के चौरास परिसर के निदेशक प्रो. आरएस नेगी, डॉ. आरएस सती, समाजसेवी लखपत भंडारी, एनआईटी के कुलसचिव हरि मौला आजाद ने कहा कि छात्रों को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए नशा उन्मूलन के लिए दृढ़ संकल्पित होने का संदेश देना एक सराहनीय पहल है। (एजेंसी)


पत्रांक Ghass/Pauri/98/2025-26 दिनांक 07/04/2025

**Walk in Interview**

**लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना (T.I.) घास**

ग्रामीण हिमालय अध्ययन एवं संरक्षण संस्था द्वारा संचालित **NACO** एवं **USACS** देहरादून के सहयोग से लक्ष्यगत हस्तक्षेप (टी0आई0) परियोजना में संस्था को टी0आई0 पौड़ी/श्रीनगर हेतु ओ0आर0डब्लू0 पद पर अस्थाई कार्य करने हेतु अभ्यर्थी की आवश्यकता है।

| क्र0 सं0 | पद | सं0 | वेतन + यात्रा भत्ता | शैक्षिक योग्यता /अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आउटररीच वर्कर (ORW) | 01 | 10500 + यात्रा भत्ता | 10वीं पास व स्थानीय समुदाय व भाषा का अच्छा ज्ञान (एक साल का संस्था में कार्य का अनुभव) (कम्प्यूटर ज्ञान व स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुभवी अभ्यर्थी को वरीयता) |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा तथा अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं छाया प्रति लेकर दिनांक 12/04/2025 को प्रातः 11:30 बजे संस्था प्रशासनिक कार्यालय ग्रामीण हिमालय अध्ययन एवं संरक्षण संस्था, ढौडियाल निवास, श्रीनगर रोड, (निकट सी0एस0डी0 कैन्टीन), पौड़ी में साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए - मो0 9548124476, 8273591999 पर सम्पर्क कर सकते है।

**गीता गुसांई**
**(सचिव)**
**ग्रामीण हिमालय अध्ययन**
**एवं संरक्षण संस्था, कोटद्वार।**

(0909/21)


## जल्द सीएचसी थलीसैंण होगा उप जिला चिकित्सालय के रूप में उच्चीकृत

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कल्जीखाल में बीपीएचयू, यमकेश्वर, खिर्सू, लक्ष्मणझूला में ट्रांजिट हॉस्टिल के साथ ही सीएचसी थलीसैंण को उप जिला चिकित्सालय के रूप में उच्चीकृत किया जा रहा है। सीएमओ पौड़ी ने बताया कि जनपद में 225 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 185 सीएचओ नियुक्त हैं, जिनके माध्यम से सामुदायिक स्तर पर शिविर लगाकर स्वास्थ्य सेवायें घर-घर तक पहुंचाई जा रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा 225 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, 4847 आयुष्मान स्वास्थ्य शिविरों में 161693 लोगों की स्क्रीनिंग की गई है।पौड़ी की मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पारुल गोयल ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरस्त करने के लिए रिखणीखाल में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) व मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में 50 बैडेड क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण किया गया है। वहीं, बीपीएचयू कलालघाटी, एकेश्वर, कोट में ट्रांजिट हॉस्टल, उप जिला चिकित्सालय व चिकित्सा अधिकारियों के लिए आवासों का कार्य निर्माणाधीन है, जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। बताया कि जिले में 1085 गांवों के साथ ही 412 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया जा चुका है। सीएमओ ने बताया कि जिले के कुल 30 अल्ट्रासाउंड केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की जनता और गर्भवती महिलाओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दूरस्थ क्षेत्रों की 6 सरकारी इकाइयों में भी अल्ट्रासाउंड मशीनें स्थापित की गई है।

## थलीसैंण महाविद्यालय में बूढ़ी काकी कहानी का किया मंचन



जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में राष्ट्रीय सेवा योजना, नमामि गंगे एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में यूथ अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पाठ्येतर गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके भीतर सामाजिक विकास का बोध और इसके प्रति रुचि पैदा करना है। इस मौके पर एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर फोक परफॉर्मिंग आर्ट्स एंड कल्चर द्वारा मुंशी प्रेमचंद की कहानी बूढ़ी काकी का मंचन किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं में बुजुर्गों के प्रति सम्मान जाग्रत करना था। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने युवा की परिभाषा बतलाते हुए कहा कि युवा वो है जो समाज में आगे बढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विकास प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. विवेक रावत, गणेश बलोनी, गौरव सिंह नेगी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-पौड़ी**

Ph. 0138-222282 Email:eerespauri@gmail.com

पत्रांक 12 /दो-लेखा/ग्रा0नि0वि0/2024-25 दिनांक 07/04/2025

**''अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना''**

टैक्सी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय को शासकीय कार्यों के सम्पादन/निरीक्षण हेतु एक डीजल चलित बुलेरो वाहन (बुलेरो नीयो White को प्राथमिकता) किराये पर रखने की आवश्यकता है। इस हेतु मुहरबन्द कोटेशन आमन्त्रित किये जाते है।

इच्छुक वाहन स्वामी मासिक किराये की दरों वाहन चाालक सहित/बिना वाहन चालक (पृथक-पृथक) व अन्य वांछित दस्तावेजों सहित अपना कोटेशन इस कार्यालय में दिनांक 15.04.2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक बंद लिफाफे में किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करा सकते है। विलम्ब से प्राप्त कोटेशन पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। उक्त से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी एवं विभागीय शर्तें आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रा0नि0वि0, प्रखण्ड पौड़ी।**

(0908/59)

## संक्षिप्त समाचार

### घोड़ा-खच्चरों का संचालन जिला पंचायत को देने की उठाई मांग

रुद्रप्रयाग : गुप्तकाशी में लाल झंडा मजदूर यूनियन की बैठक सीटू के जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र रावत की अध्यक्षता में हुई। जिसमें केदारनाथ यात्रा को व्यवस्थित रूप से चलाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में संयोजक मंडल का भी गठन किया गया। नए संयोजक मंडल में सर्वसम्मति से दयाल सिंह सेमवाल को संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में वक्ताओं ने मांग की है कि केदारनाथ उत्थान चेरीटेबिल ट्रस्ट को खत्म करते हुए वहां पहले की तरह परम्परागत रूप से छह माह के लिए आवाजाही बंद करने की जाए। घोडे खचर एवं डंडी कंडी का संचालन जिला पंचायत को दिया जाए। इसके अलावा अन्य यात्रा संबंधित मांगों के लिए भी यदि सरकार की ओर से व्यवस्थित नहीं किया गया तो, जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी। 20 अप्रैल को पुनः यूनियन की बैठक होगी। जिसमें यूनियन की सपूर्ण मांगों और यूनियन की रूपरेखा तय की जाएगी। इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के प्रान्तीय महामंत्री गंगाधर नौटियाल, राजाराम सेमवाल, अषाड सिंह, भरत भंडारी, इन्द्र लाल, अनूप राणा, योगम्बर, राजेन्द्र सिंह, राय सिंह, जगत सिंह सहित कई मजदूर शामिल थे। (एजेंसी)

### यातायात निरीक्षक प्रवीण को दी विदाई

चमोली : चमोली जिले के यातायात निरीक्षक रहे प्रवीण आलोक के हरिद्वार में प्रतिसार निरीक्षक के पद पर स्थानांतरण होने पर सम्मान पूर्ण विदाई दी गई। प्रवीण आलोक पिछले 3 वर्ष 9 महीने तक जनपद चमोली में यातायात निरीक्षक के पद पर कार्यरत रहे। सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह में इंस्पेक्टर प्रवीण आलोक कोर्ट पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने कहा इंस्पेक्टर प्रवीण ने अपनी सराहनीय सेवाओं से सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक आनन्द रावत, यातायात उप निरीक्षक दिगंबर उनियाल,यातायात उप निरीक्षक योगेश सक्सेना और पुलिस लाईन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

### वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच

चमोली : तहसील नन्दानगर के घाट रामणी मोटरमार्ग पर ग्राम रामणी के निकट 25 मार्च को रात्रि साढ़े 11 बजे एक बोलेरो वाहन संख्या यूके 11 टीए 2050 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। वाहन में सवार 2 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति की मौके पर मृत्यु हो गयी थी और एक घायल हो गया था। जिला मजिस्ट्रेट चमोली संदीप तिवारी के आदेशों के क्रम में इस वाहन की मजिस्ट्रेटी जांच उप जिलाधिकारी चमोली द्वारा की जा रही है। जांच अधिकारी/उप जिला अधिकारी आरके पाण्डेय ने बताया कि इस घटना के संबंध में किसी के पास कोई जानकारी हो अथवा कोई दावा प्रस्तुत करना चाहता हो वो 7 दिन के अन्दर उनके कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित या मौखिक जानकारी दे सकते हैं। (एजेंसी)

### गर्भवती महिलाओं को सिखाए जायकेदार व्यंजन बनाना

देहरादून। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सोमवार को ग्राफिक एरा अस्पताल में गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ को लेकर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. गिरीश गुप्ता, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनूषा रवि व डॉ. दिव्या पुनेठा और डाइटिशियन रश्मि कुशवाहा ने पोषक तत्वों, व्यायाम, मेडिटेशन व हेल्दी डाइट के सम्बन्ध में जानकारी दी। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के शेफ मोहसिन खान, शेफ सुनील लाल व शेफ योगेश उपरेती ने पोषण की जरूरत व खास तौर पर ज़ायके को ध्यान में रखते हुए ब्रोकली सूप, स्मूदी, किनुआ सैलेड, स्पिनेच व कॉटेज चीज रैप, बीट रूट टिक्की जैसे हेल्दी व्यंजन बनाने सिखाए। कार्यक्रम का आयोजन ग्राफिक एरा अस्पताल ने ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेण्ट ऑफ होटल मैनेजमेंट के सहयोग से किया। समारोह में होटल मैनेजमेण्ट के एचओडी अमर डबराल मौजूद रहे। ग्राफिक एरा अस्पताल में आशा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

### उच्च शिक्षा विभाग के विद्या समीक्षा केंद्र का शिलान्यास

देहरादून। विद्यालयी शिक्षा के समान ही अब उच्च शिक्षा विभाग के लिए विद्या समीक्षा केंद्र-वीएसके बनेगा। सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने ननूरखेड़ा स्थित शिक्षा महानिदेशालय परिसर में नए वीएसके का विधिवत भूमिपूजन कर शिलान्यास किया।

## डीएम ने जनता मिलन कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्याएं



जनता मिलन कार्यक्रम में डीएम सौरभ गहरवार अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 'जन संवाद/जनता मिलन कार्यक्रम' आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से जुड़ी 31 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 19 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष समस्याओं को समाधान हेतु त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। आयोजित जन संवाद/जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान तुलंगा निवासी जसपाल राणा ने अपनी समस्या दर्ज कराते हुए बताया कि उनके द्वारा बीएसएनएल में किए गए कार्य का भुगतान नहीं हो पाया है जिसके लिए उन्होंने आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की। तुलंगा के ही विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में गांव में सड़क निर्माण किए जाने की मांग की। इस तरह आयोजित जनसंवाद/जनता मिलन कार्यक्रम में कुल 31 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें 19 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि 'जन संवाद कार्यक्रम' में जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उन शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता से लें तथा समयबद्धता के साथ दर्ज शिकायतों का निराकरण करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरती नहीं जाए। यदि किसी अधिकारी द्वारा किसी भी तरह से शिथिलता बरती जाती है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी आम जनमानस एवं किसी भी कर्मचारी की कोई समस्या एवं भुगतान संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित है तो उसे संवेदनशीलता के साथ उसका निराकरण करना सुनिश्चित करें जिससे कि संबंधित को उसका त्वरित लाभ उपलब्ध हो सके।

## किरायेदारों का शत प्रतिशत सत्यापन कराएं : सीओ



चौपाल में लोगों को जागरूक करते हुए पुलिस विभाग के अधिकारी।

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने श्रीकोट में चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं व बच्चों को साइबर सम्बंधित अपराधों, कानूनों के बारे में जागरूक किया गया। श्रीनगर क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में अधिकांश लोग पैसों के लालच में साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं। कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार होता है तो वह साइबर हेल्पलाइन-1930, डायल-112 और उत्तराखण्ड पुलिस एप पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने मकान मालिकों से किरायेदारों का शत प्रतिशत सत्यापन करने, यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही चारधाम यात्रियों की हरसंभव मदद करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पार्षद गुड्डी देवी, भावना चौहान, पूजा बर्तवाल, मीना देवी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी, चौकी प्रभारी श्रीकोट मुकेश गैरोला आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## चमोली में हो रही 'बोल्या काका फिल्म की शूटिंग

चमोली : बॉलीवुड की आगामी फिल्म बोल्या काका की शूटिंग वर्तमान में चमोली जिले के खूबसूरत और सुदूर गांवों जैसे ग्वालदम, थराली, तलवाड़ी में जोरों पर चल रही है। इस फिल्म का निर्देशन बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक शिव नारायण रावत कर रहे हैं, जो विभिन्न सफल फिल्मों में निर्देशक और कलाकार दोनों रह चुके हैं। फिल्म के फिल्मांकन को देखने के लिए स्थानीय गांवों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता हेमंत पांडे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जिन्होंने कृष जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। साथ ही उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार विपिन सेमवाल, सुमन गौड़, मोहित घिल्डियाल, लक्ष्मी शिवानी कुकरेती, आर्यन बिष्ट समेत कई अन्य नामी चेहरे भी फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ते शराब के चलन, पलायन और अंधविश्वासों पर केंद्रित है, जो सामाजिक जागरूकता के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश देगी। इसके अलावा, फिल्म में पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता, खेत-खलिहान और पर्वत श्रृंखलाओं को भी खूबसूरती से दिखाया गया है, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाएंगे।

फिल्म के निर्देशक शिव दयाल ने बताया कि कई वर्षों से इस फिल्म की स्क्रिप्ट और कथानक पर काम किया जा रहा है। संभवतः उत्तराखंड सिनेमा की यह पहली ऐसी फिल्म होगी, जिसमें पहाड़ों के जीवन और पहाड़ी वासियों के साथ सीधा संवाद गीतों के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचेगा।

## डीएम ने कमेड़ा से चमोली तक बदरीनाथ हाईवे का किया निरीक्षण

चमोली : जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने रविवार को कमेड़ा से चमोली तक बदरीनाथ हाईवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों पर किए जा रहे सुधारीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और शीघ्र हाइवे को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बदरीनाथ हाईवे पर कमेड़ा, चटवापीपल और नंदप्रयाग भूस्खलन क्षेत्र पर किए जा रहे सुधारीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के अधिकारियों से सुधारीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को मानव संसाधन और मशीनों की संख्या बढ़ाते हुए 24 अप्रैल तक बदरीनाथ हाईवे को वाहनों की आवाजाही के लिए सुचारू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूस्खलन क्षेत्रों का सुधारीकरण कर ब्लैक टॉप करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान एनएचएडीसीएल के अधिकारी भी मौजूद थे। (एजेंसी)

## रचनात्मक लेखन कार्यशाला में उभरी नई प्रतिभाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जीआरआरसी के सुरजन हॉल में आयोजित रचनात्मक लेखन कार्यशाला में लेखन के क्षेत्र में रुचि जगाने एवं रचनात्मक लेखन के लिए सही कला, भाषा शैली को सशक्त बनाने के लिए मंच प्रदान किया। तीन दिवसीय इस कार्यशाला का उद्घाटन ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, वीएसएम, कमांडेंट, जीआरआरसी तथा श्रीमती रेखा नेगी, अध्यक्षा एफडब्ल्यूओ द्वारा किया गया।



इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि सुरेन्द्र हाली (रिसोर्स पर्सन) एवं श्रीमती मोना वर्मा सह संस्थापक (दिशा फाउंडेशन) लेखिका, संपादक रहीं। उन्होंने बताया कि रचनात्मक लेखन एक कला है और भाषा उसका एक औजार है। इस कार्यशाला में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों आर्मी पब्लिक स्कूल, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, जीजीआईसी, कैंट बोर्ड स्कूल लैंसडौन के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को लघुकथा, कविता, संस्मरण और कहानी लेखन की बारीकियों से अवगत कराया गया। रिसोर्स पर्सन श्रीमती मोना वर्मा एवं सुरेंद्र हाली द्वारा लेखन की कला, कल्पनाशीलता का उपयोग और भावनाओं की अभिव्यक्ति के विषय में भी बताया गया। विद्यार्थियों ने इस आयोजन को अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी बताया तथा भविष्य में भी ऐसी कार्यशालाओं की अपेक्षा जताई। तीन दिवसीय इस कार्यशाला में दूसरा और तीसरा दिन फैकल्टी डेवलपमेंट लैंसडौन क्षेत्र के सभी विद्यालयों के शिक्षकों के लिए रहा, जिसमें कार्य स्थल पर पेशेवर शिष्टाचार, दूसरों का सम्मान, सकारात्मक रवैया एवं सभ्य व्यवहार और समय का सदुपयोग से संबंधित जानकारियां एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी कमांडेंट जीआरआरसी ने कहा कि ह्लऐसी कार्यशालाएं न सिर्फ प्रतिभाओं को तराशती हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास भी देती हैं ।ह्व इस अवसर पर श्रीमती रेखा नेगी, कर्नल कुलदीप सिरोही, एसएम, कर्नल प्रणव जोशी, ले. कर्नल देवाशीष मुखर्जी, प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल सहित अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन ले. कर्नल देवाशीष मुखर्जी ने किया।

## शिविर में 305 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर तहसील पौड़ी में किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर तहसील परिसर पौड़ी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कार्मिकों, वकीलों, पुलिसकर्मियों, मीडियाकर्मियों व अन्य आमजन की बीपी, शुगर, खून की जांच, आंख, कान जांच सहित अन्य जांचें की गईं।




सोमवार को तहसील पौड़ी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 305 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसमें 113 व्यक्तियों द्वारा बीपी व शुगर की जांच, 71 लोगों ने खून की जांच, 47 ने आंख की जांच, 40 ने कान व 34 व्यक्तियों द्वारा ओरल (मुख) स्वास्थ्य का परीक्षण कराया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने आए लोगों को संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण भी किया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज सीनियर डिविजन अकरम अली ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पारूल गोयल, स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र घंडियाल प्रभारी डॉ. आशीष गुसाई, तहसीलदार दीवान सिंह राणा, डॉ. शशांक, डॉ. कंचन, डॉ. मेधा, डॉ. नीति, जिला सलाहकार पीसीपीएनडीटी श्वेता गुसाईं, समाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी, ग्राम प्रधान मल्ली पल्ली, मुख्य नाजिर सुबोध भट्ट, निरीक्षक संजय सिंह, सुदामा रावत सहित पौड़ी तहसील के सर्किल के सभी राजस्व उपनिरीक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस कर रही घोड़ा-खच्चरों की चेकिंग

रुद्रप्रयाग : बीते दिनों जनपद के कुछ इलाकों में घोड़ा-खच्चरों में आई इक्वाइन इंफ्लेंजुआ संक्रमण बीमारी से पुलिस जनपद की सीमा पर घोड़े-खच्चरों की चेकिंग कर रही है। किसी तरह संक्रमित घोड़े-खच्चर को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। इन दिनों केदारनाथ यात्रा के लिए घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण और लाइसेंस देने की प्रक्रिया जारी है। बीते दिनों कुछ घोड़े-खच्चरों में संक्रमण पाए जाने से लाइसेंस और पंजीकरण का कार्य रोक दिया था जबकि यह प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी गई है। शासन से जारी निर्देशों के अनुरूप पुलिस जनपद की सीमाओं पर वैरियर लगाकर चेकिंग कर रही है ताकि किसी भी तरह से संक्रमित घोड़ा-खच्चर प्रवेश न कर सके। पुलिस उपाधीक्षक विकास पुंडीर ने पुलिस बैरियरों पर चेकिंग कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को जरूरी निर्देश भी जारी किए हैं। (एजेंसी)

## केदारनाथ यात्रा को बेहतर कार्य योजना तैयार करें : एसपी

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम की यात्रा तैयारियों को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली जिसमें उन्होंने पुलिस स्तर से की जाने वाली सुरक्षा एवं प्रभावी यातायात प्रबन्धन को लेकर जरूरी निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि बीती यात्रा के अनुभवों, चुनौतियों एवं उनसे निपटने के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार की जाए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में एसपी ने कहा कि यात्रा अवधि में नशाखोरी, साइबर अपराध सहित कई तरह के आपराधिक कृत्यों में शामिल रहने वालों लोगों पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। जनपद के सभी पुलिस उपाधीक्षकों, थाना प्रभारियों व शाखा प्रभारियों की बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में उपलब्ध पुलिस बल के की समीक्षा की गई है, जबकि अतिरिक्त फोर्स की थानावार मांग की गई है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से उनके थाना क्षेत्र में नियुक्त होने वाले पुलिस की आवासीय, भोजनालय व अन्य आवश्यकताओं की भी जानकारी ली। उन्होंने फायर सर्विस व पुलिस दूरसंचार से उनकी कार्य योजना की जानकारी ली। कहा कि बेहतर कार्य योजना तैयार करें। बीते वर्षों के ड्यूटी प्वाइन्टों का वर्तमान परिस्थितियों में मूल्यांकन करते हुए नये ड्यूटी स्थलों का चयन करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एसपी ने यात्रा में हैलीकॉप्टर टिकटों के नाम पर होने वाली ठगी को रोकने के लिए विशेष तैयारी करने के निर्देश दिए। साथ ही ऑपरेशन मर्यादा, कोटपा अधिनियम व उत्तराखंड पुलिस अधिनियम में कार्यवाही के लिए सही योजना पर काम करने को कहा। उन्होंने यात्रा के दौरान शराब और नशे के कारोबार पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए

## 2026 में प्रस्तावित नन्दा देवी राजजात यात्रा की तैयारी में जुटा प्रशासन



चमोली : आगामी 2026 में प्रस्तावित नन्दा देवी राजजात यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस महत्वपूर्ण यात्रा में किसी तरह का व्यवधान न आए इसके लिए सभी नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों को तय समय पर अपना कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यात्रा से संबंधी निर्माण कार्य के 2 करोड़ से ज्यादा के प्रस्तावों की सूची 10 अप्रैल तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि समय पर प्रस्ताव शासन को भेजा जा सके। जिलाधिकारी ने सभी पडावों पर सड़क, बिजली, पानी, शौचालयों और पार्किंग स्थल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### सरकारी स्कूलों में एडमिशन लेने वाले छात्रों का होगा स्वागत

देहरादून। सरकारी स्कूलों एडमिशन लेने वाले नए छात्रों का समारोह आयोजित कर स्वागत किया जाएगा। प्रदेश के सभी सरकारी और अशासकीय स्कूलों में 21 अप्रैल को छात्रों और उनके अभिभावकों के स्वागत में स्वागतोत्सव मनाया जाएगा।

इस कार्यक्रम के लिए के लिए महानिदेशक-शिक्षा झरना कमठान ने ब्लॉकवार 95 नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए। महानिदेशक ने खुद को भी इस अभियान से जोड़ते हुए नरेंद्रनगर ब्लॉक के नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी ली हैं। सोमवार को महानिदेशक ने बताया कि सभी नोडल अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियां करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बिना समग्र विकास अधूरा: राज्यपाल

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष उत्तर-खण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओम प्रकाश सिंह नेगी ने राजभवन में 'वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च' के अंतर्गत चल रहे शोध कार्य की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा ''उत्तराखण्ड में दिव्यांग, शोषित और वंचितों के लिए शिक्षा जागरूकता'' विषय पर शोध किया जा रहा है। प्रो. नेगी ने बताया कि शोध का उद्देश्य राज्य में निवास करने वाले दिव्यांगजनों, शोषित और वंचित समुदायों तक शिक्षा की पहुँच, अवसरों और समावेशी नीतियों का मूल्यांकन करना है। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकत्री, आंगनबाड़ी व पंचायत प्रतिनिधियों के



माध्यम से लक्षित समूहों की पहचान कर उन्हें विशेष शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने प्रस्तुतीकरण में विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रारंभिक अध्ययन, वर्तमान गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी गई। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का यह शोध समाज के उन वर्गों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जो किन्हीं कारणों से शिक्षा लेने से वंचित हो गए थे।

## डीएम तिवारी ने सीएम घोषणा की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम घोषणा की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की।



उन्होंने सभी विभागों को जनहित में समन्वय बनाकर काम करने और सभी विभागों को गतिमान कार्यों में तेजी लाने व शासन स्तर पर लंबित प्रकरणों पर भी नियमित फॉलोअप करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को थराली विधानसभा में 4 गौशालाओं के निर्माण को लेकर आ रही दिक्कत को गंभीरता पूर्वक 15 दिन में रिजॉल्ब करने और खेल विभाग को पोखरी मिनी स्टेडियम की कार्यवाही को लेकर शासन से फॉलोअप करने के निर्देश दिए। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को गौचर व नन्दानगर के सीएचसी के उच्चीकरण के प्रस्ताव जिलाधिकारी कार्यालय के साथ-साथ पुनः शासन को भेजने के निर्देश दिए। वहीं महिला एवं बाल विकास के अन्तर्गत कामकाजी महिलाओं के आवास को लेकर बाल विकास को अपर जिलाधिकारी से मिलकर भूमि चिन्हित करने और पीडब्ल्यूडी पोखरी को कर्णप्रयाग पोखरी मोटर मार्ग पर डामरीकरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा 2021 से अब तक कुल 151 घोषणाएं की गयी हैं। जिसमें से 40 पूर्ण, 42 प्रगतिरत, 51 शासन स्तर पर तथा 18 जिला स्तर पर लंबित हैं। उन्होंने सभी विभागों को आगामी जिला योजना को लेकर 03 दिन में कार्य योजना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। (एजेंसी)

## उत्तराखंड में गोरखा कल्याण परिषद के गठन की मांग

देहरादून। गोरखा समाज का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा गोरखा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अभिषेक शाही के नेतृत्व में राज्य सभा सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से मिला और उनसे राज्य में 'गोरखा कल्याण परिषद गठन कर गोरखा समाज को प्रदेश सरकार में प्रतिनिधित्व दिलवाने की मांग की।

प्रकोष्ठ की मीडिया प्रभारी प्रभा शाह ने बताया कि गोरखा समाज की लम्बित विभिन्न मांगों को राज्य सरकार को संज्ञान लेना चाहिए।

केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा अपने घोषणा पत्र के अनुसार राजधानी दिल्ली में गोरखा जनप्रतिनिधियों के साथ गोरखाओं की समस्याओं को लेकर गृह राज्य मंत्री संग बैठक की गई है। उससे उत्तराखंड का गोरखा समाज की आस बंधी है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही 'गोरखा कल्याण परिषद का गठन होगा और समाज की समस्याओं के निराकरण का भी प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा गोरखा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक कैप्टन दिनेश प्रधान, महानगर संयोजक राजेन्द्र शाह, सह संयोजक वरुण क्षेत्री, ऋषिकेश जिला संयोजक पंडित गोविन्द प्रसाद पंथी, विकासनगर जिला संयोजक राजेश प्रधान, विजेंद्र थापा आदि कई गोरखा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com